प्रेषक,

एन0एच0 रिजवी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान,
ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 30 नवम्बर, 2017

विषय:- संस्थान में चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों का सृजन आउट सोर्सिंग से किए जाने के सबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक-जी0आई0एम0एस0/2017/1150, दिनांक 06 सितम्बर, 2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर में चतुर्थ श्रेणी के निम्नलिखित कुल 351 विभिन्न पदों (आउट सोर्सिंग) को अस्थायी रूप से दिनांक 28 फरवरी, 2018 तक के लिए बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, सृजित किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

क्र0सं0	पदनाम	पदों की संख्या
1	अटेन्डेंट	80
2	हास्पिटल अटेंन्डेंट	80
3	लिफ्टमैन	27
4	कुक	10
5	माली	20
6	क्लीनर	04
7	सफाई कर्मचारी	100
8	सुरक्षा गार्ड	30
	कुल योग	**351**

2- सृजित किये जा रहे पदों पर नियुक्ति निर्धारित अर्हता/आवश्यकता एवं मानकानुसार किये जाने का पूर्ण दायित्व निदेशक संस्थान का होगा।

3- संस्थान द्वारा नियमानुसार वाह्य सेवाप्रदाता एजेंसी का चयन एंव वाह्य सेवाप्रदाता एजेंसी से आवश्यक अनुबन्ध की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2017-18 के अनुदान संख्या-31-चिकित्सा विभाग (चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण) के लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0371-चिकित्सा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा-31-सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3/1438/दस-2017, दिनांक 28 नवम्बर, 2017 द्वारा में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एन0एच0 रिजवी)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या- 30/2017/3556(1)/71-2-17-तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
2. प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. कोषाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।
4. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
5. वित्त अधिकारी, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर।
6. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2/वित्त वे0आ0-1
7. स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0
8. प्रभारी अधिकारी, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन ।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(नीलेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।